महत्वपूर्ण एवं खास

संजू हत्याकांड में उपयोग हुई कार बरामद

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर में हुए संजू हत्याकांड मामले से जुड़ा एक बड़ा अपडेट आया है, हत्या कांड के वारदात में स्तेमाल की गई शूटरों की नीली रंग की कार लावारिश हालात में पुलिस को कोटा भरनी मुख्य मार्ग में मिली है। कयास है कि इस तरह सभी आरोपी पुलिस को चकमा देने में सफल हो गए हैं, जबकि पुलिस अब भी वाइट कलर की स्विफ्ट की तलाश कर रही है। वारदात के बाद से ही मृतक का छोटा भाई कपिल त्रिपाठी भी नदारद है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। फिल्मी स्टाइल में कार रोककर हुई फायरिंग के बाद इलाके में हडक़ंप है, वहीं अज्ञात आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

सड़क हादसे में घायल बाइक सवार की मौत

रायपुर (आरएनएस)। बसंत पान पैलेस के पास बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग काय कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक चेतन कुमार साहू 25 वर्ष ग्राम बदनारा जिला बेमेतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनए 1368 से कहीं जा रहा था तभी बसंत पान पैलेस के पास महताारी चौक के पास चेतन कुमार बाइक से नियंत्रण खो दिया और सडक़ किनारे खड़ी टीवीएस एक्सल को टक्कर मारते हुए डिवाइडर से टकरा कर गिर गया। जिससे चेतन गंभीर श्रपए से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पैसे के लेन देन को लेकर युवक को पीटा

रायपुर (आरएनएस)। संतोषी नगर स्थित आर्य समाज कार्यालय के पास उधार पैसे के लेन देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गौसिया मदरसा के पास संतोषी नगर निवासी प्रार्थी अतिक खान 29 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह आर्य समाज कार्यालय के पास खड़ा था, तभी आरोपी अब्दुल रहमान ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर बेसबाल से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर (आरएनएस)। गुरुद्वारा के पास हीरापुर स्थित सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने सोने के जेवर सहित नकदी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हीरापुर कबीरनगर निवासी प्रार्थी नवदीप सिंह 39 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसके चाचा के सूने मकान एलआईजी 321 का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने के जेवर व नकदी पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मामूली बात पर युवक से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। मामूली बात पर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार नालापारा कचना निवासी प्रार्थी होरीलाल ध्रुव 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी योगेश यादव प्रार्थी के घर के पास गाली-गलौज कर रहा था। जिसे मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

‘मोर मयारू गुरूजी’ कार्यक्रम को 19 दिसम्बर को मिलेगा स्कोच अवार्ड

छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय पुरस्कार से फिर होगा सम्मानित

❐ महिला बाल विकास मंत्री और छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष नई दिल्ली में ग्रहण करेंगी पुरस्कार

❐ छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के उल्लेखनीय कार्य के लिए नई दिल्ली में किया जाएगा सम्मानित

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ को फिर एक बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ को राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा संचालित मोर मयारू गुरूजी कार्यक्रम के लिए नई दिल्ली में 19 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में स्कोच अवार्ड (सिल्वर) से नवाजा जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया और राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम यह पुरस्कार ग्रहण करेंगी। स्कोच संस्था द्वारा नामांकन से लेकर अंतिम चरण तक लगभग 7 स्तरों पर चरणबद्ध तरीके से मूल्यांकन करने के बाद यह सम्मान दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि मोर मयारू गुरूजी कार्यक्रम के माध्यम से आयोग ने प्रदेश के लगभग 2 हजार शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है। आयोग के ‘मोर मयारू गुरूजी‘ कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों को बाल अधिकारों की रक्षा के लिए खेल एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से रोचक तरीके से अध्ययन-अध्यापन का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस कार्यक्रम को रोचक तरीके से डिजाईन किया गया है। इसकी अवधि मात्र 2 से 3 घण्टे ही रखी गई है, जिससे शिक्षक इसे आसानी से ग्रहण कर सकें। आयोग का यह मानना है कि एक शिक्षक और बच्चे का संबंध 5 वर्ष से 12 वर्ष तक रहता है और इस बीच शिक्षक के व्यक्तित्व का बच्चों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए बाल अधिकार सहित शिक्षकों द्वारा बच्चों से वार्तालाप करते समय और पढ़ाते समय किन बातों पर जोर देना है और किन कमियों को सुधारना है, इन सभी विषयों को मोर मयारू गुरूजी कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

एसईसीआर रेल जोन के रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

❐ रायपुर दुर्ग में बढ़ेंगी सुविधाएं

बिलासपुर (आरएनएस)। रेलवे ने स्टेशनों को कायाकल्प करने का काम शुरू कर दिया है. इसके लिए स्वश्टक्र रेल जोन में रायपुर और दुर्ग को लिया गया है. इन दोनों स्टेशनों को आने वाले 50 साल की योजना के आधार पर तैयार किया जा रहा है. इसके लिए रेलवे ने निजी एजेंसी की मदद से योजना भी तैयार की है. इस योजना में स्टेशन के मुख्य भाग से लेकर सर्कुलेशन एरिया में होने वाले कई बदलाव शामिल हैं।

रेलवे स्टेशन को यात्रियों के हिसाब से तैयार करने की तैयारी पूरी कर ली गई है. लगातार बढ़ रहे यात्री ट्रेनों के साथ पैसेंजर्स को कंट्रोल करने की भी चुनौती रेलवे के जिम्मे में हैं. वहीं त्यौहारी सीजन में रेलवे स्टेशन में होने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे जोन के बड़े स्टेशन को तैयार किया जा रहा है. स्टेशन के दोनों ही छोर को विकसित करके पैसेंजर्स को डायवर्ट कर स्टेशन पर दबाव कम करने की योजना रेलवे की है.बात यदि रायपुर की करें तो यहां पर गुढियारी इंड पर एक प्लेटफॉर्म को विकसित किया जा रहा है. वहीं इसी इंड पर रेलवे टिकट काउंटर के साथ बड़ा इंट्रेंस गेट बनकर तैयार हो चुका है.वहीं गुढियारी से प्लेटफॉर्म नंबर 6 से लेकर प्लेटफॉर्म नंबर एक तक फुट ओव्हर ब्रिज भी पूरा हो चुका है। वहीं दुर्ग रेलवे स्टेशन में रैक के रखरखाव के साथ प्लेटफॉर्म पर स्टॉल्स की सुविधा बढ़ी । गौरतलब हो कि कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अक्टूबर माह में इस बारे में संकेत दिए थे कि देश के कम से कम 200 रेलवे स्टेशनों का आधुनिक सुविधाओं से कायाकल्प किया जाएगा. उन्होंने महाराष्ट्र के औरंगाबाद रेलवे स्टेशन पर एक कोच रखरखाव कारखाने के शिलान्यास समारोह में ये बाते कहीं थी. वैष्णव ने कहा, 47 रेलवे स्टेशनों के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि 32 स्टेशनों पर काम शुरू हो गया है. रेलवे का कायाकल्प हो रहा है. इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के दो स्टेशन रायपुर और दुर्ग स्टेशन पर काम जारी है।

एक वर्षीय नव्या को हुआ था हाइड्रोसिफेलस बीमारी, चिरायु की टीम ने कराया सफलता पूर्वक ऑपेरशन

❐ चिरायु योजना से जिले में डेढ़ लाख से ज्यादा बच्चों को मिला लाभ

रायगढ़। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत इस वित्तीय वर्ष जिले के 01 लाख 75 हजार से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच कराते हुए जरूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शून्य से 18 वर्ष के बच्चों का चार चरणों में स्क्रीनिंग की जाती है। बच्चों में 35 तरह की बीमारियों का चिरायु में इलाज का प्रावधान है। जांच में पाई गई बीमारी के उपचार हेतु छत्तीसगढ़ एवं देश के अन्य उच्च संस्थानों में बच्चों को भेजा जाता है। सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा समस्त विकासखण्ड में व्हीएचएनडी सत्र के दौरान आरबीएस की टीम शासकीय आंगनबाड़ी व स्कूल में पढऩे वाले ग्रामों में बच्चों को जाकर चिन्हित कर उनके गंभीर बीमारियों का उपचार कराती है।

विकासखण्ड पुसौर ग्राम सिंगपुरी की नव्या यादव उम्र 1 वर्ष जो जन्म के कुछ महीने बाद से हाइड्रोसिफेलस हो गया था, जिसको सूपा में होने वाले शिविर में देखा गया था। जिसको खंड चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ.विनोद नायक के मार्ग दर्शन से सामु. स्वा.केंद्र पुसौर की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा मरीज को रायपुर डी.के.एस अस्पताल में 17 नवम्बर को भर्ती कराया गया और 20 नवम्बर 2022 को सफलता पूर्वक आपरेशन किया गया। आपरेशन पश्चात उन्हें 22 नवम्बर को घर के लिये छुट्टी दे दी गई। टीम द्वारा समय-समय पर बच्ची का फॉलोअप किया जा रहा है। इसी तरह पुसौर विकासखंड के गांव बाराडोली निवासी सुशील भोय का पुत्र प्रतीक भोय उम्र 1 वर्ष को 9 नवम्बर 2022 को सामु. स्वास्थ्य केंद्र पुसौर की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा आंगनबाड़ी में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि बच्चा अपने जन्म से पैर की विकृति के साथ पैदा हुआ था, जिसको प्रत्येक गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित होने वाले चिरायु डे अंतर्गत बच्चे को लाया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.विनोद नायक द्वारा परीक्षण कर उच्च संस्था जिला अस्पताल को रिफर किया गया। तत्पश्चात उसे 17 नवम्बर 2022 को अस्थिरोग विशेषज्ञ द्वारा जांच कराकर जतन केंद्र में उपचार किया जा रहा है। डॉक्टर द्वारा प्लास्टर कर उसके फॉलोअप के लिये बुलाकर इलाज किया जा रहा है। बच्चों के परिजनों ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के टीम को धन्यवाद दिया।

दुर्ग पुलिस ने दो आरोपियों से जब्त की 749 नग नशीली दवाईयां

भिलाई (आरएनएस)। जिले में नशे के अवैध सौदागरों के खिलाफ मुहिम चलाने एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव के द्वारा दिए गए निर्देश पर एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा एवं थाना प्रभारी वैशाली नगर निरीक्षक विनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर नशे के कारोबारियों पर सतत् निगाह रखी जा रही थी। टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि जवाहर नगर ओम शांति थोक सब्जी मंडी के पास दो व्यक्ति भारी मात्रा में अल्प्राजोलम टेबलेट एवं नाइट्राजेपाम टेबलेट नशीली दवाईयाँ अपने पास रखे हैं एवं उसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं।

टीम ने वैशाली नगर कॉलेज के आसपास घेराबंदी कर आरोपी विनोद तिवारी (36 वर्ष) निवासी आन्ध्रा स्कूल के पास कैम्प 1 वृंदा नगर एवं योगेश राव डाहट (34 वर्ष) निवासी क्वाटर नम्बर ईडब्ल्यूएस-2025 हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ थाना जामुल को पकड़ा गया।

आरोपियों के कब्जे से अल्प्राजोलम टेबलेट तकरीबन 633 नग एवं नाईट्राजेपाम टेबलेट 116 नग कुल 749 नग नशीली दवाईयां बरामद हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8, 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अग्रिम कार्यवाही थाना वैशाली नगर से की जा रही है।

छत्तीसगढ़ एडवोकेट्स क्रिकेट एसोसिएशन 21 से करेगा अखिल भारतीय क्रिकेट मैच का आयोजन

❐ फाइनल मैच होगा 28 को

रायपुर (आरएनएस)। 34वें ऑल इंडिया एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट एवं प्रथम अखिल भारतीय महिला क्रिकेट स्पर्धा का भव्य शुभारंभ 21 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होने जा रहा है। 34वें ऑल इंडिया एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता उद्घघाटन समारोह के साथ शुरू होगी और 21 दिसंबर को अविस्मरणीय समारोह के साथ आरम्भ होकर दिनांक 28 दिसम्बर 2022 को ग्रैंड फिनाले के साथ पुरस्कार वितरण व रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा।

उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संस्था के अध्यक्ष फैसल रिजवी एवं अन्य अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से पत्रकारवार्ता में दी।

पत्रकारवार्ता में रिजवी ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की डेट डिक्लेयरेशन (तिथि उदघोषणा) प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषित किया है तथा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी के द्वारा ब्रोशर रिलीज किया है।

21 दिसम्बर को भव्य शुभारंभ न्यायाधीशों, मंत्रियों एवं विशिष्ट अतिथियों के सानिध्य व 20 उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय के टीम की उपस्थिति में होगा।

गैर इरादतन हत्या मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया रिमांड पर

❐ आरोपी ने अपने साथियों के साथ जंगली सुअर का शिकार करने लगा रखा था करंट, जिसके चपेट में आने से हुई थी साथी की मौत

रायगढ़। धरमजयगढ़ पुलिस ने गैर इरादतन हत्या मामले के फरार आरोपी सुनील तिर्की को आज उसके गांव ग्राम पोटिया के पास देखे जाने की मुखबिर सूचना पर दबिश देकर पकड़ा गया जिसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी सुनील कुमार तिर्की पिता हीरा लाल उम्र 27 वर्ष निवासी पोटिया थाना धरमजयगढ़ अपने साथी सुफल राठिया और पंचराम राठिया के साथ 07 दिसबंर के शाम गांव के बाहर खेत में जंगली सुअर का शिकार करने लोहे के तार बिछाकर रखे थे, उसी करंट की चपेट में आकर सुफल राठिया फौत हो गया था।

जानकारी के मुताबिक 08 दिसंबर को थाना धरमजयगढ़ में सुफल सिंह राठिया (उम्र 53 वर्ष) के बड़े भाई और परिजन थाना में सुफल सिंह राठिया के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराये थे। गुम इंसान के दौरान संदेही पंचराम राठिया को पुलिस 09 दिसंबर को हिरासत में ली। संदेही से पूछताछ में घटना का खुलासा हुआ। संदेही पंचराम राठिया अपने इकबालिया बयान में बताया था कि उसने अपने साथी सुनील तिर्की और सुफल राठिया (मृतक) के साथ जंगली सुअर के शिकार के लिये लोहे का तार और बिजली का तार लेकर गांव के दरस राठिया के खेत के मेड़ में करंट लगाये थे जिसकी चपेट में आकर सुफल राठिया मौके पर ही फौत हो गया, दोनों पकड़े जाने के भय से सुफल राठिया के शव को दोनों गांव के घूमानारा डैम में डाल कर फरार हो गये थे। मामले में दिनांक 11.12.2022 को आरोपी पंचराम राठिया और सुनील तिर्की के विरूध धारा 304, 201, 34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी पंचराम राठिया पिता चंदनसिंह 35 वर्ष ग्राम पोटिया राठिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था, फरार आरोपी सुनील तिर्की की पतासाजी की जा रही थी जिसे आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

हत्या के प्रयास मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार, आरोपी अपने चचेरे भाई पर धारदार हथियार से किया था हमला

रायगढ़। चौकी खरसिया पुलिस ने आज हत्या के प्रयास मामले के फरार आरोपी अजय ठाकुर (27 साल) निवासी पुरानी बस्ती खरसिया को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर अपराध पंजीबद्ध होने के बाद से फरार चल रहा था, आज आरोपी के घर आने पर मुखबिर से मिली सूचना पर चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर तत्काल हमराह स्टाफ के साथ आरोपी के घर जाकर उसे हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी अपने चचेरे भाई रूपेश ठाकुर पर चाकू से गले में वार कर फरार हो गया था।

घटना के संबंध में दिनांक 12.12.2022 को आहत के पिता पुरानीबस्ती खरसिया निवासी होम सिंह ठाकुर (उम्र 64 साल) ने चौकी खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराये कि पुरानी बस्ती में अपना घर बनवा रहा है, निर्माणाधीन घर में 12 दिसंबर की सुबह लेबर पानी डाल रहे थे, घर के बगल में बडे भाई लेखनसिंह ठाकुर के मकान में थोडा पानी पड़ जाने से लेखन का बेटा अजय ठाकुर विवाद करने लगा और उसी शाम अजय ठाकुर फिर उसी विवाद को लेकर घर के पास गाली गुप्तार करने लगा। तब लडका रूपेश ठाकुर कमरे से निकलकर अजय ठाकुर को गाली गुप्तार करने से मना किया तो अजय ठाकुर अपने हाथ में रखे चाकु से बेटे रूपेश ठाकुर के गले में वार कर वहाँ से भाग गया था। चौकी खरसिया में आरोपी अजय ठाकुर के विरूद्ध धारा 294,506,307 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी गिरफ्तार के भय से अपने सकुनत से फरार था। चौकी प्रभारी आरोपी की गिरफ्तारी के लिये मुखबिर लगाकर रखे थे, जिनसे मिली सूचना पर आज आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ के बीएससी कृषि आनर्स पाठ्यक्रम को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)से मिली मान्यता

रायगढ़। मीडिया प्रभारी सुनील कुमार गौतम से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, रायगढ़ ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा गठित एक्रिडेशन टीम के समक्ष शैक्षणिक गतिविधियों में प्रशंसनीय प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रम बीएससी कृषि आनर्स की शिक्षा प्रदाय करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त कर लिया है। आईसीएआर द्वारा मान्यता प्राप्त होने से कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र को स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए अतिरिक्त अनुदान प्रदाय किया जाएगा जिससे छात्रों की शिक्षा में गुणवत्ता एवं प्रायोगिक सामग्रियों की उपलब्धता में बढ़ोतरी होगी। पियर रिव्यु एक्रिडेशन टीम ने महाविद्यालय में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया और इनकी संख्या में बढ़ोतरी करने के लिए सुझाव दिए। रिव्यु टीम ने शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात को मानक स्तर के समकक्ष पाया। टीम ने कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, रायगढ़ में उपलब्ध संसाधनों एवं छात्रों की गुणवत्ता पर भी प्रसन्नता व्यक्त किया। यह मान्यता 2 वर्षों की अवधि के लिए वैध रहेगी। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र,रायगढ़ के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह ने महाविद्यालय के इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए रिव्यु टीम द्वारा सभी सुझावों को जल्द से जल्द दूर करने की बात कही और आगामी वर्षों में और भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रतिबद्धता ज़ाहिर की। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ.गिरीश चंदेल को दिया साथ ही साथ विश्वविद्यालय द्वारा एक्रिडेशन टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व अधिष्ठाता डॉ.सदानंद पटेल, डॉ.एस.बी.वेरूलकर एवं डॉ.ए.एस. कोटेस्थाने को भी आभार प्रकट किया। प्रो.ए.के.सिंह ने कहा की कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अथक प्रयास और मेहनत के बिना एक्रिडेशन में यह प्रदर्शन सम्भव नही था इसके लिए उन्होंने हृदय से सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मूलभाव कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विशेष कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समस्त उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU